मेरे इष्ट भी तुम्ही हो मेरे देवता तुम्ही हो

मेरे इष्ट भी तुम्ही हो,
मेरे देवता तुम्ही हो,
मेरी जिंदगी के कर्ता,
मेरे ईश भी तुम्ही हो।bd।

तर्ज – मुझे इश्क़ है तुझी से।

इस जिंदगी को दे के,
दुनियां में मुझ को भेजा,
मैं इधर उधर ही भटका,
कोई हल नही है निकला,
मुझको सहारा दे दो,
मेरी जिंदगी के कर्ता,
मेरे ईश भी तुम्ही हो।bd।

मेरी जिंदगी की नैया,
अब बीच मे पड़ी है,
मुझको ज़रा उबारो,
पीछे मौत भी खड़ी है,
मेरी जिंदगी बना दो,
मेरी हर खुशी तुम्ही हो,
मेरी जिंदगी के कर्ता,
मेरे ईश भी तुम्ही हो।bd।

मुझको दुखो ने घेरा,
उनसे ज़रा बचा लो,
सुख संपदा को देके,
खुशियों के गुल खिला दो,
मेरी हर खुशी के मालिक,
मेरे पित्र भी तुम्ही हो,
मेरी जिंदगी के कर्ता,
मेरे ईश भी तुम्ही हो।bd।

मेरे इष्ट भी तुम्ही हो,
मेरे देवता तुम्ही हो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरी जिंदगी के कर्ता,
मेरे ईश भी तुम्ही हो।bd।

– प्रेषक तथा रचनाकार –
राम कृष्ण जी शर्मा।
8534972309

Video Not Available

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com